हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 12 सितंबर, 2025

9 नप कर्मचारियों ने किया रोष प्रदर्शन, विधायक को सौंपा मांग पत्र



10 सीवरेज का पानी घरों में, लोग सड़कों पर उतरे



## खबर संक्षेप

### घग्गर के जलस्तर में आई कमी, मिली राहत

**सिरसा।** जिला में घग्घर नदी का जलस्तर थोड़ा कम हुआ है। वीरवार को दोपहर दो बजे सरदूलगढ़ प्वाइंट पर लगभग 34060 क्यूसिक, वहीं ओटू वीयर डाउन स्ट्रीम में 23000 क्यूसिक पानी चल रहा है। प्रशासनिक अधिकारी व सिंचाई विभाग की टीमें दिन-रात तटबंधों पर गश्त कर रही हैं और पूरी सतर्कता बरती जा रही है। इसके अलावा हिसार घग्घर ड्रेन पर भी पूरी निगरानी रखी जा रही है। जिला में घग्गर के मुख्य तटबंध सुरक्षित हैं।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 को

**सिरसा।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीश जिंदिया के मार्गदर्शन व हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 13 सितंबर को न्यायालय परिसर सिरसा, उपमंडल न्यायालय परिसर डबवाली व ऐलनाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार समय-समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है।

### हरियाणा सिविल पेंशनर्स की मासिक बैठक 13 को

**फतेहाबाद।** हरियाणा सिविल पेंशनर्स वैलफेयर एसोसिएशन फतेहाबाद की मासिक बैठक प्रधान हरबंस लाल सेठी की अध्यक्षता में 13 सितंबर शनिवार सायं 5 बजे बाल भवन फतेहाबाद में होगी। यह जानकारी देते हुए प्रधान हरबंस लाल सेठी व सचिव मदन गोपाल नारंग ने बताया कि इस बैठक में पैंशनर्ज की समस्याओं बारे जानकारी ली जाएगी तथा उनका समाधान संबंधित विभागों द्वारा करवाया जाएगा तथा कैशलैस, एलटीसी बारे जानकारी दी जाएगी।

### घर में घुसकर मारपीट के मामले में आरोपी दबोचा

**फतेहाबाद।** एक घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में थाना सदर रतिया पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान सतपाल सिंह पुत्र गगड़ सिंह निवासी आलमपुर महेंद्रा, जिला मानसा, पंजाब के रूप में हुई है। थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने बताया कि इस प्रकरण में पुलिस पहले ही एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है।

### दहेज प्रताड़ना के मामले में आरोपी पति गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** दहेज प्रताड़ना के एक मामले में कार्रवाई करते हुए महिला थाना फतेहाबाद पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान सोना सिंह पुत्र मक्खन सिंह निवासी गांव मलको, जिला मानसा, पंजाब के रूप में हुई है। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणा ने बताया कि पीड़िता अमनदीप कौर पत्नी सोना सिंह निवासी गांव करनौली, जिला फतेहाबाद ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसकी शादी 28 अक्टूबर 2018 को हुई थी।

### जूडो प्रतियोगिता में गर्वित ने जीता कांस्य पदक

**सिरसा।** जिला के गांव सिकंदरपुर स्थित 9 टू-वन स्कॉलर्स हैवन स्कूल में पांचवीं कक्षा के छात्र गर्वित ने जूडो प्रतियोगिता में सीबीएसई नॉर्थ जोन में अंडर-11 (40 किलोग्राम भार वर्ग में) तीसरा स्थान हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया है। विद्यालय की प्रिंसिपल अंजू शर्मा और निदेशिका नेहा शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि यह हमारे विद्यालय के लिए अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है कि गर्वित ने हाल ही में आयोजित जूडो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कांस्य पदक प्राप्त किया।

## 20 घंटे में कड़ी मेहनत से पाया काबू

# हिसार घग्घर ड्रेन सेमनाला टूटा 1,000 एकड़ में फसल डूबी

**सिंचाई विभाग व जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे**



सिरसा। सेमनाला में आए कटाव से खेतों में घुसा पानी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ चोपटा

हिसार घग्घर ड्रेन सेमनाला फतेहाबाद जिला के गांव जंडवाला बांगड व चौपटा क्षेत्र के चाहरवाला गांव के समीप अचानक टूट गया। इससे जंडवाला बागड़ व शक्करमंदोरी के खेतों में एक हजार एकड़ में खड़ी फसल जलभराव से डूब गई है। सेमनाला में आए कटाव को 20 घंटे में कड़ी मेहनत से ग्रामीणों की मदद से काबू पाया गया। सेमनाला में आए कटाव को रोकने के लिए फतेहाबाद व सिरसा जिला के प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। गौरतलब है कि इन गांवों में एक सप्ताह पूर्व भी हिसार घग्घर ड्रेन टूट गई थी। जानकारी के अनुसार हिसार घग्घर ड्रेन में बुधवार रात्रि करीबन 7 बजे 60 फुट कटाव हो गया। इससे खेतों की तरफ तेजी से पानी बढ़ने लगा। इसकी सूचना ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को दी। वीरवार सुबह से सिंचाई विभाग व जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे हुए हैं। सेमनाला में आए कटाव को रोकने के लिए कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके बाद दोपहर 3 बजे हिसार घग्घर ड्रेन में आए कटाव को रोका गया। गौरतलब है कि इससे पहले सिरसा जिला के गांव मोडिया खेड़ा में हिसार घग्घर ड्रेन गया था। सेमनाला के टूटने से नरमा व धान की करीबन एक हजार एकड़ फसल डूब गई थी। सेमनाला के टूटने की ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को सूचना दी। सूचना मिलते ही सिंचाई विभाग व जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गये। वहीं हिसार घग्घर ड्रेन में पिछले कई से लगातार जल स्तर बढ़ रहा है। इससे गांव नाथूसरी कलां में दो दिन पहले ओवरफ्लो हो गई।

### अगली फसल की बिजाई में आएगी परेशानी

हिसार घग्घर ड्रेन टूटने से चाहरवाला, शक्करमंदोरी व जंडवाला बागड़ के किसानों की करीबन एक हजार एकड़ में फसल डूब गई। किसानों ने यहां पर नरमा, कपास, मंगू, ग्वार व बाजरी की बिजाई की हुई थी। किसान जगदीश, रामकुमार व राय सिंह ने बताया कि बरसात से पहले भी फसलों का नुकसान था। अब खेतों में जलभराव हो गया। इससे अब अगली फसल बिजाई करने में परेशानी आएगी। क्योंकि सेम की समस्या होने पर पानी कई दिनों से खड़ा रहेगा।

## 21 लाख के काम की घोषणा पर अमल न करने का आरोप

# बेलगाम अफसरशाही से आहत सरपंचों ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा



फतेहाबाद। लघु सचिवालय में रोष जताते सरपंच। फोटो: हरिभूमि

■ अनेक गांवों के सरपंचों ने लघु सचिवालय पहुंचकर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

प्रदेश में बेलगाम अफसरशाही से त्रस्त सरपंचों ने एक बार फिर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। हरियाणा सरपंच एसोसिएशन ने आरोप लगाया है कि प्रदेश सरकार ने 21 लाख रुपये तक के काम पंचायतों के जरिए करवाने की घोषणा की थी लेकिन इस पर अमल नहीं किया जा रहा है। इसको लेकर एसोसिएशन के आह्वान पर अनेक गांवों के सरपंचों ने गुरूवार को फतेहाबाद के लघु सचिवालय पहुंचकर रोष जताया। विरोध प्रदर्शन की अगुवाई हरियाणा सरपंच एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष रणबीर गिल समैण ने की। सरपंच एसोसिएशन ने जिला प्रशासन को मांग पत्र भी सौंपा। इससे पूर्व लघु सचिवालय पार्क में सरपंचों की बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष रणधीर गिल ने कहा कि सरकार की घोषणा के अनुसार, 21 लाख रुपए तक के काम के पैसे पंचायतों के खाते में आने चाहिए। मगर अभी भी टेंडर प्रक्रिया से काम हो रहे हैं। पंचायतों के खातों में पैसे नहीं आ रहे हैं जबकि सरकार ने अनाउंस किया था कि 21 लाख रुपए तक के काम पंचायत अपने स्तर पर करवा सकती है। इस कारण काम रुके पड़े हैं। विकास कार्यों में देरी हो रही है। काम भी सही नहीं होता है। प्रदेशाध्यक्ष रणबीर गिल ने बताया कि पहले पंचायतों की ओर से करवाए गए विकास कार्यों की पेमेंट भी अटकी पड़ी है। जलभराव के एरिया में पंचायतें अपने स्तर पर मिट्टी भरवाने जैसे कार्य करवा रही है, उसका पैसा भी रुका पड़ा था। रणबीर गिल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने तो ऐलान किया हुआ है। पंचायतों को अधिकार दे रखे हैं, मगर निचले स्तर के अधिकारी गड़बड़ कर रहे हैं। अगर कोई खर्चा करना पड़ जाए तो किसी भी पंचायत के पास पैसा नहीं है। इसके बाद भी सुनवाई नहीं हुई तो राज्यसभा सांसद सुभाष बराला से मिलकर मांगों से अवगत करवाया जाएगा।

### इन मांगों को उठाया

*ज्ञापन में सरपंचों ने मांग की है कि पंचायतों की एफएफसी व एसएफसी की ग्रांटों की पेंडिंग किश्तें तुरंत दी जाए। मनरेगा के सभी कच्चे व पक्के कार्यों को पहले की तरह सुचारू रूप से करवाया जाए। बाढ़ग्रस्त गांवों की सभी पंचायतों को विशेष रूप से आपदा राहत कोष से ग्रांट दी जाए। पीएमएवाई स्कीम के सर्वे पंचायतों द्वारा करवाए जाए ताकि गांव का कोई गरीब परिवार मकान से वंचित न रहे। पंचायत के चौकीदार और सफाई कर्मचारियों का मानदेय ग्राम पंचायत खाते में डलवाकर सरपंच द्वारा भुगतान करवाया जाए ताकि कर्मचारी गांव में सुचारू रूप से काम कर सकें।*

# फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल पर दो काबू

■ महिला की जमानत के लिए किया था फर्जी दस्वातेजों का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में महिला की जमानत करवाने वाले दोनों युवक।

थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने अदालत में फर्जी जमानती दस्तावेज प्रस्तुत करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान ओमप्रकाश पुत्र अमर सिंह एवं रमेश कुमार पुत्र रणजीत सिंह निवासी गांव दौलतपुर, फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि यह कार्रवाई विशेष न्यायाधीश, एनडीपीएस एक्ट, फास्ट ट्रैक कोर्ट फतेहाबाद में दर्ज एक प्रकरण के अंतर्गत हुई है, जिसमें आरोपी सुनीता रानी उर्फ गोगी की जमानत प्रक्रिया के दौरान फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया था। जांच के दौरान सामने आया कि ओमप्रकाश और रमेश कुमार ने मिलकर फर्जी पहचान पत्र, छेड़छाड़ किए गए आधार कार्ड, और जमाबंदी दस्तावेज तैयार कर असली व्यक्ति की जगह किसी और की पहचान अदालत के समक्ष प्रस्तुत की।

### मामला दर्ज

*इस संबंध में थाना शहर फतेहाबाद में धारा 319(2), 318(4), 336(2), 338, 340(2), 61(2) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस की ओर से इस मामले की गहन जांच जारी है, और जांच के दौरान किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता पाई जाती है तो उसे भी अभियोग में शामिल कर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।*

# चार एकड़ में अवैध कालोनी पर चला पीला पंजा

■ विभाग की टीम ने जेसीबी से निर्माण कार्यों को तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



फतेहाबाद। कालोनी में अवैध निर्माण तोड़ती जेसीबी मशीन। फोटो: हरिभूमि

जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने वीरवार को भट्टू के बिजली घर के पीछे चार एकड़ में अवैध रूप से काटी गई कालोनी में हुए निर्माण को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया। टीम का नेतृत्व जिला नगर योजनाकार राज कीर्ति ने किया। इस मौके पर पंचायती राज के एसडीओ सुमित कुमार ड्यूटी मेजिस्ट्रेट के रूप में मौजूद रहे। डीटीपी राज कीर्ति ने बताया कि जिले में कहीं भी कालोनी काटने से पूर्व सरकार व जिला नगर योजनाकार विभाग से अनुमति लेना जरूरी होता है। यहां पर कृषि योग्य भूमि पर बिना सीएलयू के चार एकड़ में कालोनाइजरों ने प्लाट काटकर बेच दिए। इतना ही नहीं यहां पर इंटरलॉक से सड़कें बना दी गई। इसके बाद जब विभाग को इसकी सूचना मिली तो वीरवार को विभाग की टीम जेसीबी लेकर मौके पर पहुंची और कालोनी में हुए निर्माण कार्यों को तोड़ दिया।

### लोगों से अपील

डीटीपी ने लोगों से अपील की है कि वह किसी भी अवैध कालोनी में प्लाट लेने से बचें। इस अवसर पर जेई संदीप कुमार, अंकित बिश्नोई, इंफोर्समेंट ब्यूरो विंग के एसएचओ सुखबीर व कर्मबीर सिंह भी मौजूद रहे।

# अदालत को गुमराह करने वाला युवक गिरफ्तार

■ युवक की जमानत के लिए बना फर्जी जमानतदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



पुलिस गिरफ्त में फर्जी जमानतदार

फर्जी जमानतदार बनने के एक गंभीर मामले में थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने अदालत के आदेश की अनुपालना करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान ओमप्रकाश पुत्र भगवान दास निवासी गांव भावदीन, जिला सिरसा के रूप में हुई है। गुरूवार को थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि विशेष न्यायाधीश, एनडीपीएस एक्ट फास्ट ट्रैक कोर्ट, फतेहाबाद में विचाराधीन एक प्रकरण में आरोपी विक्रम उर्फ विक्की की जमानत प्रक्रिया के दौरान एक व्यक्ति ने फर्जी जमानतदार बनकर खुद को ओमप्रकाश पुत्र भगवान दास निवासी बरवाली-1, जिला सिरसा बताया और अदालत में फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत किए।

### जांच के दौरान मिली जानकारी

जांच के दौरान यह सामने आया कि असल में वह व्यक्ति ओमप्रकाश पुत्र भगवान दास निवासी भावदीन, जिला सिरसा था, जिसने पंचायत सदस्य गुरमीत सिंह निवासी भावदीन के साथ मिलीभगत कर फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से अदालत को गुमराह किया। जांच अधिकारी ने बताया कि अदालत के आदेशानुसार जमानती दस्तावेजों का सत्यापन किया गया, जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी ने नाम समानता का फायदा उठाते हुए फर्जी जमानत पेश की और न्यायिक प्रक्रिया में धोखाधड़ी का प्रयास किया। इस मामले में थाना शहर फतेहाबाद में धारा 318(4), 336(2), 338, 340(2), 61(2) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। मामले की गहन जांच जारी है और जांच के दौरान यदि किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है तो उसे भी कानूनी दायरे में लाया जाएगा।

# लाखों की हेरोइन सहित तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डबवाली



पुलिस गिरफ्त में हेरोइन तस्कर।

पुलिस द्वारा क्षेत्र मे नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए सिरसा जिले के गांव लोहगढ़ क्षेत्र से एक तस्कर को लाखों रुपये की हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एएनसी प्रभारी सूबे सिंह ने गुरुवार को बताया कि पकड़े गए तस्कर की पहचान अमृतपाल सिंह निवासी लोहगढ़ के रूप में हुई। उसके कब्जे से करीब 71 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि लोहगढ़ निवासी अमृतपाल सिंह नशा तस्करी का काम करता है और लोहगढ़ के बस अड्डा क्षेत्र में तस्करी करने के फिराक में है। पुलिस ने सूचना के बाद नाकाबंदी कर वाहनों की तलाशी शुरू कर दी।

### अन्य मामला

इसके अलावा पुलिस ने दो किलो 768 ग्राम अफीम तस्करी मामले में सप्लायर को संगरिया राजस्थान से काबू किया है। काबू किए गए आरोपी की पहचान राजन यादव पुत्र पूना यादव निवासी रंगैया थाना मनातू जिला पलामू झारखंड के रूप में हुई है। सीआईए कालांवाली प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि बीते दिवस पुलिस ने सालमखेड़ा क्षेत्र से मुकलेश यादव को अफीम सहित गिरफ्तार किया था।

## ये पित्तरों के आशीर्वाद का समय, शास्त्र भी श्राद्ध पक्ष में 'नया' करने से नहीं रोकते

# ज्योतिषियों का मत: संतान नई चीजें खरीदती है तो पितरों को होगी खुशी

**धार्मिक ग्रंथों के अनुसार इन 15 दिनों में पूर्वज धरती पर आकर अपने वंशजों का कुशलक्षेम देखते हैं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद




पितृ पक्ष की शुरुआत 7 सितंबर से हो गई है। इसका समापन 21 सितंबर को होगा। हिंदी पंचांग के अनुसार, यह समय पूर्वजों को स्मरण करने और उनकी आत्मा की शांति के लिए समर्पित माना जाता है। इस दौरान श्रद्धा और पिंडदान के जरिए हम पितरों को तर्पण करते हैं। उनकी आत्मिक तृप्ति की कामना करते हैं। श्री श्याम मंदिर फतेहाबाद के पुजारी सोनू शर्मा ने बताया कि धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, इन 15 दिनों में पूर्वज धरती पर आते हैं और अपने वंशजों का कुशलक्षेम देखते हैं। श्राद्ध पक्ष को लेकर ऐसी धारणा बनी हुई कि यह अशुभ समय होता है। इस दौरान कोई नई चीज नहीं खरीदनी चाहिए। इन दिनों नई चीज खरीदने से पितर नाराज होते हैं। ऐसी भी मान्यता है कि पितर पक्ष में खरीदी गयी चीजें पितरों को समर्पित होता है जिसका उपयोग करना अनुचित है क्योंकि वह प्रेत का अंश होता है।

### दो ग्रहण के बीच, 102 साल में सबसे ज्यादा महत्व वाला पितृपक्ष

पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि इस बार का पितृपक्ष पूर्णिमा को चंद्रग्रहण से शुरू होकर अमावस्या पर सूर्यग्रहण पर पूर्ण हो रहा। उनके अनुसार 102 वर्ष में सबसे ज्यादा महत्व वाला पितृपक्ष माना जा रहा है। ऐसा इसलिए कि दो ग्रहण के बीच पितृपक्ष आया है। इस दौरान खरीदी स्थायी और शुभ फलदायी मानी जा रही है।

### श्राद्ध पक्ष अशुभ फल देने वाला नहीं



पंडित सोनू शर्मा के अनुसार श्राद्ध पक्ष को अशुभ मनाना उचित नहीं है क्योंकि श्राद्ध पक्ष गणेश चतुर्थी और नवरात्रि के बीच आते हैं। शास्त्रों के अनुसार किसी भी शुभ काम की शुरुआत से पहले गणेशजी की पूजा की जाती है। इस आधार पर देखा जाए तो श्राद्ध पक्ष अशुभ नहीं है। श्राद्ध पक्ष में पितर पृथ्वी पर आते हैं और वह देखते हैं कि उनकी संतान किस स्थिति में हैं। संतान नई चीज खरीदते हैं तो पितरों को खुशी होती है क्योंकि उन्हें पता चलता है कि उनकी संतान सुखी हैं। पितर पक्ष में नई चीज खरीदना शुभ तब नहीं होता है जब नई चीजें खरीदते हैं और पितरों को भूल जाते हैं। अपनी खुशियों के साथ पितरों का ध्यान भी करें तो श्राद्ध पक्ष में खरीदारी करने में कोई बुराई नहीं है। **दोष नहीं लगता, वृद्धि ही होती है:** पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि व्यापार की गति बढ़ाने के लिए श्राद्ध पक्ष में व्यापारियों की तरफ से कई ऑफर मिलते हैं। इन ऑफर का लाभ उठाना चाहते हैं तो मन से सभी प्रकार के अशुभ विचारों को निकाल दीजिए और निश्चिंत होकर खरीदारी कीजिए।

# तंबाकू व निकोटिन युक्त गुटखा व पान मसाला पर एक साल के लिए रहेगा प्रतिबंध

फतेहाबाद। हरियाणा खाद्य एवं औषधि विभाग ने प्रदेश में गुटका, पान मसाला व तंबाकू पर लगाया प्रतिबंध आगामी 1 वर्ष के लिए बढ़ाया है। उल्लेखनीय है कि 7 सितंबर 2024 को किसी भी खाद्य उत्पाद में संघटकों के रूप में तंबाकू व निकोटिन गुटका, पान मसाला के उपयोग पर विभाग द्वारा 1 वर्ष के लिए प्रतिबंध लगाया गया था। अब खाद्य सुरक्षा विभाग हरियाणा के आयुक्त ने इन आदेशों को आगामी 1 वर्ष के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी है। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने कहा कि ये उत्पाद तंबाकू, निकोटिन, भारी धातुओं, कृत्रिम स्वादों तथा प्रतिबंधित रसायनों से युक्त होते हैं, जो कैंसर, हृदय रोग तथा अन्य गंभीर बीमारियों का कारण बनते हैं। ये उत्पाद उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं तथा भविष्य की पीढ़ियों पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति या संस्था इन उत्पादों का निर्माण, भंडारण या बिक्री करती पाई गई, तो उसके विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें जुर्माना तथा कारावास शामिल हो सकता है। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने जिले के सभी नागरिकों, व्यापारियों तथा दुकानदारों से अपील की है कि वे इस प्रतिबंध की पालना करें तथा स्वास्थ्य रक्षा में सहयोग प्रदान करें। यदि किसी को ऐसे उत्पादों की अवैध बिक्री या भंडारण की जानकारी हो, तो वे जिला प्रशासन या फूड सेफ्टी विभाग को सूचित करें।

**खबर संक्षेप**



### चूरापोस्त व हेरोइन तस्कर गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने ऐलनाबाद क्षेत्र से एक नशा तस्कर को करीब 25 किलोग्राम चूरापोस्त सहित गिरफ्तार किया है। ऐलनाबाद थाना प्रभारी प्रगट सिंह ने वीरवार को बताया कि सीआईए ऐलनाबाद पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि ऐलनाबाद निवासी संजय कुमार चूरापोस्त तस्करी करने की फिराक में है। पुलिस ने सूचना के आधार पर उसके घर में दबिश देकर आरोपी संजय को चूरापोस्त सहित गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि यह चूरापोस्त उसके पिता कृष्ण लाल ने उसे लाकर दिया था। आरोपी के खिलाफ ऐलनाबाद थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है

### मोडिफाइड बुलेट का काटा 22,000 का चालान



**फतेहाबाद।** फतेहाबाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज ट्रैफिक पुलिस टीम ने दरियापुर फ्लाईओवर के पास बुलेट मोटरसाइकिलों में लगाए गए मोडिफाइड साइलेंसर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। ट्रैफिक पुलिस प्रभारी उपनिरीक्षक जय सिंह ने बताया कि इस प्रकार के साइलेंसर न केवल मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन करते हैं बल्कि सड़क पर चलने वाले अन्य वाहन चालकों एवं आम नागरिकों के लिए असुविधा का कारण भी बनते हैं। इस दौरान एक बुलेट बाइक चालक का कुल 22 हजार चालान काटा गया।

## नप कर्मचारियों ने किया रोष प्रदर्शन, विधायक को सौंपा 21 सूत्रीय मांग पत्र

# सफाईकर्मियों को 27 हजार वेतन देने की घोषणा को जल्द लागू करे सरकार : नरेश

- प्रदर्शन की अध्यक्षता प्रधान नरेश राणा ने की तथा संचालन सचिव ओम प्रकाश लौट ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नगरपरिषद फतेहाबाद के कर्मचारियों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं को लेकर नगरपालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता प्रधान नरेश राणा ने की। कर्मचारी नगरपरिषद प्रांगण में इकट्ठे हुए और यहां से प्रदर्शन करते हुए विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया के कार्यालय पहुंचकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का संचालन संचालन सचिव ओम प्रकाश लौट ने किया। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार की वायदाखिलाफी को लेकर जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन से पूर्व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए राज्य वरिष्ठ उप प्रधान रमेश तुष्माड व जिला सचिव विजय ढाका ने कहा कि संघ प्रतिनिधिमंडल और स्थानीय निकाय मंत्री के साथ जून माह में बातचीत हुई थी जिसमें मंत्री ने एक सप्ताह में मांगों के समाधान का आश्वासन दिया था लेकिन आज तक मांग पत्र पर बातचीत का समय नहीं दिया। उप प्रधान अमित गिल, वरिष्ठ उप प्रधान सत्यवान टांक ने कहा कि 2022 से सफाई कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी नहीं की गई है। नवम्बर 2024 में सीएम ने भगवान वाल्मीकि जयंती पर 26 व 27 हजार रुपये वेतन की घोषणा की थी लेकिन सरकार ने जब 2100 रुपये बढ़ोतरी का पत्र जारी किया तो कर्मचारी अपने को ठगा-सा महसूस कर रहे हैं। यह लाभ भी केवल पालिका रोल कर्मचारियों को दिया गया, पार्ट टाइम, दैनिक वेतन भोगी, डोर टू डोर व अन्य सफाई कर्मचारियों को इससे वंचित कर इनसे धोखा किया गया है।



**फतेहाबाद।** नगरपरिषद प्रांगण में रोष जताते कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

**ये रहे मौजूद**

*इस अवसर पर कोषाध्यक्ष वीरू रत्ती, मुख्य संगठनकर्ता ओम प्रकाश झलनियां, प्रेस सचिव राजा राम, महिला सब कमेटी की नेता रंजना, शकुन्तला, किरण, सतपाल परिहार, धीरज कुमार सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।*

**प्रमुख मांगें**

इकाई प्रधान नरेश राणा ने बताया कि विधायक को सौंपे ज्ञापन में मांग की गई है कि सफाई, सीवर कार्यों में ठेका प्रथा समाप्त कर कर्मचारियों को रोल पर किया जाए। ऐप पर हाजिरी बंद हो। नो वर्क-नो पे व अन्य काले कानून वापस लिए जाए। सभी प्रकार के कर्मचारियों को किस्तों में पक्का करने की बजाय पॉलिसी बनाकर एकमुश्त पक्का किया जाए। नगरपरिषद व फायर विभाग में आबादी के आधार पर नए पद सृजित कर पक्की भर्ती की जाए। एक्सग्रेशिया पॉलिसी को सरल कर कर्मचारी की मृत्यु उपरांत उनके आश्रितों को नौकरी दी जाए व 10 लाख की सहायता राशि दी जाए। सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों का वेतन 27 हजार किया जाए। छंटनी व बर्खास्त कर्मचारियों को वापस लिया जाए। फायर विभाग को पुनः निकाय विभाग में शामिल किया जाए व 2268 फायर ऑपरेटरों के पदों पर 1327 फायर ड्राइवर व फायरमैनों को समायोजित किया जाए। कच्चे कर्मचारियों को भत्ता सहित समान काम-समान वेतन दिया जाए।



**फतेहाबाद।** कार्यशाला का शुभारंभ करते बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा।

## सेवा पखवाड़ा को लेकर विस की कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से शुरू होने जा रहे भाजपा के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर आज बीजेपी जिला कार्यालय में फतेहाबाद विधानसभा की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा, पूर्व विधायक दूड़ाराम व चेयरमैन व जिला संयोजक भारत भूषण मिड्ढा ने शिरकत की। मंच संचालन जिला महामंत्री अशोक जाखड़ ने किया। कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाए जाने वाले सेवा पखवाड़े के कार्यक्रमों व रूप रेखा से अवगत करवाया गया। जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने बताया कि 17 सितम्बर को रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। उसी दिन से स्वच्छता अभियान की शुरुआत भी होगी, जो बूथ स्तर पर चलाया जाएगा। 17 से 24 सितम्बर तक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन होगा। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी जिला व प्रदेश स्तर पर आयोजित की जाएगी।

**ये बोले चेयरमैन**

*चेयरमैन भारत भूषण मिड्ढा ने बताया कि प्रदेश के विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान भी 27-28 सितम्बर को होगा। अंत में 2 अक्तूबर को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर पुष्पांजलि, स्वच्छता अभियान और प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजपाल बेनीवाल, कार्यक्रम के सह संयोजक लखमी शर्मा आदि मौजूद रहे।*

### पेयजल सैंपलिंग में सहभागी बनेगी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं

**फतेहाबाद।** अमृत मित्र योजना के अंतर्गत शहर में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के साथ मिलकर पेयजल की जांच का कार्य करेगी। अभियान को लेकर विभाग के उपमंडल अभियंता भागी राम, कनिष्ठ अभियंता अश्वनी कुमार व जिला सलाहकार शर्मा चंद लाली ने मीटिंग लेकर विस्तार से जानकारी दी। शर्मा चंद लाली ने बताया कि अमृत मित्र योजना के तहत जिले के फतेहाबाद व टोहाना शहरी क्षेत्र में स्वयं सहायता समूह की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इनके माध्यम से पेयजल की क्लोरीन जांच पानी के सैंपल एकत्रित करना, अस्वच्छ कनेक्शन ढूंढना व पाइपलाइन लीकेज की पहचान करना गतिविधियों की जाएगी। स्वयं सहायता समूह की महिलाएं जिन लीकेज में अस्वच्छ कनेक्शन की सूचना ऑनलाइन करेगी, उसे संबंधित जेई एवं उपमंडल अभियंता की आईडी पर भी सांझा की जाएगी। अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर उन समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना होगा। उपमंडल अभियंता भागी राम ने बताया कि इन प्रयासों से जहां शहर में पेयजल की गुणवत्ता में सुधार होगा वहीं महिलाओं को रोजगार भी मिलेगा। यह योजना महिला सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को पेयजल में क्लोरीन जांच की विधि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। शर्मा चंद लाली ने बताया कि चयनित समूह की महिलाओं की आईडी बनाकर शहर में गतिविधियां शुरू की जा रही हैं।

## लोक अदालत के नाम पर साइबर ठगी का नया जाल

### फर्जी और अनजान लिंक से रहें सावधान : पुलिस अधीक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



- आमजन से सतर्कता बरतने की अपील की
- व्यक्तिगत जानकारी किसी से साझा न करें

जैसे-जैसे 13 सितंबर को आयोजित होने वाली लोक अदालत की तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे साइबर अपराधी भी सक्रिय हो गए हैं। ये ठग लोक अदालत की आड़ में फर्जी लिंक भेजकर लोगों से उनकी संवेदनशील जानकारी चुराने की कोशिश कर रहे हैं। इस खतरे को गंभीरता से लेते हुए फतेहाबाद के पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आमजन से सतर्कता बरतने की अपील की है। एसपी सिद्धांत जैन के अनुसार, साइबर अपराधी ईमेल, एसएमएस और व्हाट्सएप जैसे माध्यमों से ऐसे लिंक भेज रहे हैं जो देखने में सरकारी प्रतीत होते हैं, लेकिन इनका उद्देश्य केवल एक है लोगों से उनकी बैंक डिटेल, पासवर्ड, ओटीपी और अन्य व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त करना। उन्होंने कहा, इन फर्जी लिंक पर क्लिक करते ही आपकी संवेदनशील जानकारी अपराधियों के पास पहुँच सकती है, जिससे आपका आर्थिक नुकसान हो सकता है। पुलिस ने नागरिकों को सतर्क करते हुए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए हैं। पहला, किसी भी ईमेल, एसएमएस या व्हाट्सएप लिंक पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी, पासवर्ड, ओटीपी या बैंक विवरण साझा न करें। दूसरा, लोक अदालत से संबंधित जानकारी केवल सरकारी पोर्टल या अधिकृत वेबसाइट से ही प्राप्त करें। तीसरा, यदि कोई संदिग्ध लिंक या मैसेज प्राप्त हो, तो तुरंत निकटतम थाना या राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें।

**लोगों से की अपील**

किसी भी साइबर धोखाधड़ी के प्रयास की तत्काल रिपोर्ट करें, ताकि अन्य लोग भी सतर्क रह सकें। एसपी जैन ने नागरिकों से विशेष अपील की है कि वे स्वयं तो सतर्क रहें ही, साथ ही इस तरह की जानकारी अपने परिवार, मित्रों और रिश्तेदारों के साथ भी साझा करें, ताकि कोई भी व्यक्ति इन फर्जी लिंक के जाल में न फंसे। उन्होंने कहा, साइबर अपराधी लोक अदालत जैसी संवेदनशील प्रक्रिया का सहारा लेकर लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में केवल आपकी सतर्कता ही आपको सुरक्षित रख सकती है। पुलिस का संदेश स्पष्ट है कि कोई भी लिंक क्लिक करने से पहले सोचें, उसे अच्छी तरह जांचें और पूरी तरह आश्वस्त होने के बाद ही आगे बढ़ें। आज की डिजिटल दुनिया में एक गलत क्लिक भी आपको साइबर ठगी का शिकार बना सकता है।



**सिरसा।** नेशनल बैडमिंटन के लिए क्वालीफाई करने वाले गुरमन राय को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### गुरमन राय ने नेशनल बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए किया क्वालीफाई

**सिरसा।** जिला फरीदाबाद में 8 से 10 सितंबर तक आयोजित 58वीं स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप-2025 में गुरदेव इंडोर स्टेडियम संतनगर के खिलाड़ी गुरमन राय व गुरशब्द ने डबल्स के अंडर-17 आयु वर्ग में स्टेट में प्रथम स्थान प्राप्त कर गांव व जिले का नाम रोशन किया है। देवेंद्र सिंह काहलों ने दोनों खिलाड़ियों, कोच हरप्रीत सिंह व गुरबचन सिंह को भी बधाई देते हुए बताया कि शानदार खेल दिखाने के साथ ही गुरमन राय ने नेशनल बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। वहीं ट्रस्ट के प्रधान हरपिंद्र सिंह कूका, सदस्य जितेंद्र सिंह ढिल्लों व परमिंद्र सिंह संधू एडवोकेट ने भी उपरोक्त दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी है। ट्रस्ट के प्रधान हरपिंद्र सिंह कूका ने बताया कि युवाओं को नशे से बचाने के लिए ट्रस्ट की ओर से भरसक प्रयास किए जा रहे हैं।

**करोड़ों का धान घोटाला**

## इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद ने सातवें आरोपी को भी किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया

करोड़ों रुपये धान घोटाले के मामले में कार्रवाई करते हुए इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद ने सातवें आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान सतगुरु सिंह पुत्र जगदेव सिंह निवासी वार्ड नं. 02, रतिया के रूप में हुई है। इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि रतिया व धारसूल कलां की मार्केट कमेटी के अधिकारियों/कर्मचारियों ने कुछ आढ़तियों और पंजीकरणकर्ताओं के साथ मिलकर मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर फर्जी धान पंजीकरण कर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी को अंजाम दिया। इस सुनियोजित घोटाले में सरकारी खरीद एजेंसियों को धोखे में रखकर बिना फसल उगाए ही न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान बेचने का दावा किया गया। जांच में यह भी सामने आया कि पंजीकरणकर्ताओं द्वारा प्राप्त की गई राशि को आगे आढ़तियों और मिल मालिकों के खातों में ट्रांसफर किया गया। अब तक इस प्रकरण में कुल छह आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके थे, जबकि हालिया कार्रवाई में सातवां आरोपी सतगुरु सिंह भी पकड़ा गया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि यह मामला अत्यंत गंभीर आर्थिक अपराध की श्रेणी में आता है, जिसमें सरकारी पोर्टल का दुरुपयोग, धोखाधड़ी, और भ्रष्टाचार के जरिए सरकार को भारी वित्तीय नुकसान पहुँचाया गया है। थाना शहर रतिया में 2022 में धारा 420, 467, 468, 471, 409, 120बी भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज है।

## टोहाना एसडीएम ने किया कार्यालयों का निरीक्षण

- लघु सचिवालय में स्थित कार्यालयों और शौचालय की साफ सफाई को जांचा
- कर्मचारियों को स्वच्छता व रखरखाव से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना



**टोहाना।** कार्यालयों का निरीक्षण करते एसडीएम आकाश शर्मा।

एसडीएम आकाश शर्मा ने वीरवार को लघु सचिवालय में स्थित कार्यालयों और शौचालय की साफ सफाई का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सचिवालय परिसर में स्थित विभिन्न कार्यालयों तथा शौचालयों की साफ-सफाई की स्थिति का गहनता से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता व रखरखाव से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम आकाश शर्मा ने कहा कि कार्यालयों में स्वच्छ वातावरण बनाए रखना प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी की जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्यालय नियमित रूप से साफ-सुथरे रखे जाएं ताकि कार्यस्थल पर आने वाले नागरिकों और कर्मचारियों को बेहतर वातावरण मिल सके। कार्यालयों में रखरखाव और सुव्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए।

**ये दिए निर्देश**

एसडीएम ने कहा कि अनुपयोगी सामग्री को नियमानुसार शीघ्र निपटान करवाया जाए ताकि कार्यालय परिसर अव्यवस्थित न दिखे। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विभाग अपने-अपने रिकार्ड का उचित रखरखाव सुनिश्चित करें, जिससे कार्यकुशलता में सुधार हो। उन्होंने शौचालयों की साफ सफाई का जायजा लेते हुए कहा कि शौचालयों की निरंतर सफाई सुनिश्चित की जाए और उनमें पानी की पर्याप्त व नियमित आपूर्ति बनी रहे। इसके अतिरिक्त उन्होंने लघु सचिवालय परिसर में लगाए गए वाटर कूलरों की नियमित सफाई और समय-समय पर मेंटेनेंस सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### शिकायतों का निवारण प्राथमिकता के आधार पर करें : उपायुक्त

**सिरसा।** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने वीरवार को समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं और शिकायतों को सुना और अधिकारियों को तत्परता से समाधान के निर्देश दिए। जिला में आयोजित समाधान शिविरों में कुल 26 शिकायतें आई। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने समाधान शिविर में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निवारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा हरसंभव प्रयास कर लोगों को समय पर राहत प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निवारण करना है। शिविर में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखीं। इनमें भूमि से संबंधित विवाद, पेंशन, बिजली व पानी की आपूर्ति, गली निर्माण, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ लेने, राशन कार्ड, पीपीपी तथा अन्य राजस्व संबंधित मामलों की शिकायतें शामिल थी। इस अवसर पर जिला राजस्व अधिकारी संजय कुमार, डीएसपी आदर्शदीप सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**टीम ने किया छात्राओं को जागरूक**

## महिला सुरक्षा टीम ने एमएम कॉलेज में चलाया डिकॉय चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना और उन्हें आत्मविश्वासी बनाना रहा

महिला सुरक्षा और जागरूकता अभियान के तहत महिला सुरक्षा टीम प्रभारी निरीक्षक मंजू सिंह के नेतृत्व में आज एम.एम. कॉलेज, फतेहाबाद में विशेष डिकॉय चेकिंग अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना, उन्हें आत्मविश्वासी बनाना और कॉलेज परिसर में अनुशासन कायम रखना है। महिला सुरक्षा टीम ने कॉलेज के विभिन्न हिस्सों में गुप्त रूप से निगरानी रखी और संदिग्ध गतिविधियों पर बारीकी से नजर डाली। टीम ने परिसर में मौजूद छात्रों को महिला सुरक्षा से जुड़ी जानकारियां दीं और उन्हें यह विश्वास दिलाया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, अभद्र व्यवहार या उत्पीड़न की स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करें। टीम ने छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर, 181 महिला हेल्पलाइन और 112 आपातकालीन नंबर के बारे में जागरूक किया। साथ ही, हमारी सुरक्षा, हमारी जिम्मेदारी के नारे के साथ छात्राओं को आत्मरक्षा से जुड़े टिप्स भी दिए गए। निरीक्षक मंजू सिंह ने बताया कि इस तरह के डिकॉय अभियान से न केवल कॉलेज परिसर बल्कि पूरे जिले में यह संदेश जाएगा कि महिलाओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति छात्राओं से अभद्र व्यवहार करता है या उनके आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# घबराएं नहीं, सरकार और प्रशासन आपके साथ है : उपायुक्त भारती

### जलभराव प्रभावित गांवों में निरीक्षण कर दिए दिशा-निर्देश

**फतेहाबाद।** उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने वीरवार को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बारिश के कारण जलभराव से प्रभावित गांवों भोड़ा होशनाक, चिंदड़, खाराखेड़ी, बड़ोपल और कुम्हारिया का निरीक्षण किया। इस दौरे के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से बात कर प्रभावित क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को और ज्यादा प्रभावी ढंग से समस्या के समाधान के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने कहा कि संयम बनाकर रखें व घबराए नहीं। राज्य सरकार व प्रशासन हर समय आपके साथ है। सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। राज्य सरकार आपके साथ खड़ी है। उन्होंने प्रभावित परिवारों को आश्वस्त करते हुए बताया कि प्रशासन उनकी हर समस्या के समाधान के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और राहत कार्य में देरी नहीं होने दी जाएगी।खाराखेड़ी गांव के निवासियों द्वारा पेयजल संकट की समस्या उठाए जाने पर उपायुक्त ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पेयजल की समस्या का तुरंत समाधान किया जाए और इस संबंध में किसी भी प्रकार की कोताही न करें। इस अवसर पर डीडीपीओ अनूप सिंह, डीआरओ श्याम लाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** जिला में जल भराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण करते उपायुक्त डॉ. विवेक भारती।

**ये दिए निर्देश**

सभी प्रभावित गांवों में जलभराव की स्थिति को देखते हुए उपायुक्त ने आवश्यक संसाधन, मोटर पंप एवं पाइप लाइन की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए ताकि खेत व ढाणी में पानी की निकासी में कोई देरी न हो। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि राहत कार्यों की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए और प्रभावित लोगों तक सहायता पहुंचाने में किसी भी प्रकार की कमी न रहने दी जाए।

**धार्मिक कार्यक्रम**

### शुकदेव महाराज ने अपने शिष्य को पास में बैठाया और ब्रह्म ज्ञान दिया

### कथा के उपरांत श्रीमद्भागवत की आरती की गई तथा श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया

# गुरु बिन ज्ञान नहीं, ज्ञान बिन मुक्ति नहीं: स्वामी दिनेशानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

स्वामी दिनेशानंद महाराज ने कहा कि गुरु बिन ज्ञान नहीं, ज्ञान के बिना मुक्ति नही। चाहे ब्रह्मा, शंकर के समान महान हो, किंतु गुरु बिना भवसागर से पार नही हो सकता। वे बृहस्पतिवार को अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में आयोजित श्री मद्भागवत कथा के 7वें दिन श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि दत्तात्रेय ने 24 गुरु बनाए। वस्तुस्थिति यह है कि उन्होंने पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, अजगर, भृंगी आदि पदार्थों से शिक्षा ग्रहण की। उन्होंने पृथ्वी से सहनशीलता, जल से मधुरता इसी तरह उन्होंने अन्य प्राकृतिक पदार्थों से गुण ग्रहण किए। उन्होंने कहा कि भागवत कथा के अंत में शुकदेव जी महाराज ने अपने शिष्य को पास में बैठाया और ब्रह्म ज्ञान दिया। शुकदेव जी गुरु ने कहा हे राजन मैं मरुंगा, यह पशु बुद्धि छोड़ दे। मैं शरीर हूँ इस गलत धारणा को छोड़ दो। तू शरीर नही है। शरीर जन्म लेता है, बढ़ता है, विकसित होता है बूढा होता है और अंत में मर जाता है।



सिरसा। स्वामी दिनेशानंद महाराज कथा प्रवचन करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

**मनुष्य को परमात्मा में लगाना चाहिए ध्यान**

स्वामी दिनेशानंद महाराज ने कहा कि शरीर जन्म लेता है, बढ़ता है और मरता है। लेकिन आत्मा जब जन्म ही नही लेती तो मरेगी कैसे। उन्होंने कहा कि आत्मा को शस्त्र काट नही सकता, पानी इसे गला नही सकता और वायु इसे सुखा नही सकती। आत्मा तो अजर अमर है। स्वामी दिनेशानंद ने कहा कि मनुष्य को जीवन मरन के बंधन से मुक्त होकर परमात्मा में ध्यान लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शरीर जन्म लेता है और वह, बढ़ कर अंत में मर जाता है लेकिन आत्मा तो अजर अमर है वह न तो जन्म लेती है और न ही मरती है। उन्होंने कहा कि गुरु शुकदेव ने शिष्य से कहा कि तू आत्मा है शरीर नहीं, तू सच्चिदानंद स्वरुप है। काल आत्मा को छू भी नही सकता, माया इस परमतत्व को बिगाड़ नही सकती। उन्होंने कहा कि हे मानव अपने स्वरुप को पहचान जो अपनी आत्मा में स्थित है। शुकदेव जी ने कहा कि हे शिष्य आत्मा ब्रह्म है, परमानंद है। एक लाख तक्षक नाग भी आत्मा को काट नहीं सकते। इस राजा को गुरु से आत्मज्ञान की प्राप्ति हुई। अंत में राजा ने कहा कि मेरा अज्ञान, मोह नष्ट हो गए और राजा ने परम पद को प्राप्त कर लिया। कथा के उपरांत श्रीमद्भागवत जी की आरती की गई तथा श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।

# सपनों की इमारतें तिनकों की तरह बह गई, बारिश लील गई सारा कारोबार

दलबीर सिंह/भूना

*शहर की सड़कों पर बहता पानी इस बार सिर्फ जलभराव नहीं था, बल्कि व्यापारियों के लिए एक और गहरा जख्म था, जो अब तक 2022 की बाढ़ से भी नहीं भर पाया था। 31 अगस्त से 4 सितंबर तक लगातार हुई बारिश ने भूना शहर के 9 वार्डों में ऐसा कहर बरपाया कि हजारों परिवार प्रभावित हुए, मगर सबसे अधिक मार दुकानदारों और व्यापारियों पर पड़ी। लाखों का माल पानी में डूब गया, सपनों की इमारतें तिनकों की तरह बह गई और फिर से एक बार व्यापारियों की मेहनत पानी में बह गई।*




भूना। शहर की प्रतिष्ठित कंपनी चक्षु फूड प्राइवेट लिमिटेड में जल भराव के बाद बदतर हालात व सतीश बूट हाउस के बेसमेंट में पानी से बर्बाद हुए तालाब दिखाते हुए संचालक।

### चक्षु फूड प्राइवेट लिमिटेड को डेढ़ करोड़ का नुकसान

*शहर की प्रतिष्ठित कंपनी चक्षु फूड प्राइवेट लिमिटेड के संचालक मनीष सिंगला व विवेक बंसल ने बताया कि भारी बारिश से उनके उद्योग में करीब डेढ़ करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। मसाले, जो देश के अलग-अलग राज्यों में सप्लाई होने थे, वह सभी पैकिंग और स्टॉक पानी में पूरी तरह बर्बाद हो गया। उनका कहना है कि प्रशासन के पास जल निकासी की कोई स्थाई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में व्यापारी हर साल अपने हाथों से खड़ा किया कारोबार यूं ही मिट्टी में मिलते देखने को मजबूर हैं।*

### शोरूम से गोदाम तक, पानी ही पानी

*शहर के वस्त्र संग्रहालय के मालिक सतपाल सिंगला बताते हैं कि उनका शोरूम पूरी तरह जलमग्न हो गया और करीब 60 लाख रुपये का कीमती कपड़ा बर्बाद हो गया। उन्होंने कहा कि 2022 की बाढ़ के बाद सरकार ने आश्वासन तो दिए थे, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह गौरव साड़ी शोरूम के संचालक प्रवीण बंसल ने बताया कि उनके बेसमेंट में रखी 30 लाख का कपड़ा व लांचें, साडियां पूरी तरह खराब हो गई। वहीं रामकुमार श्यामलाल के गोदाम में 20 लाख, कैलाश बंसल के गेहूं गोदाम में 5 लाख, सतीश बूट हाउस में 4 लाख, और कंसल किरयाना थोक विक्रेता के बेसमेंट व शोरूम में 15 लाख से ज्यादा का सामान पानी में बह गया। कैलाश कंसल ने बताया कि शहर में हर साल जलभराव की वजह से अब व्यापार करना ही मुश्किल होता जा रहा है। प्रशासन टैक्स तो पूरा वसूलता है, लेकिन बदले में सुरक्षा या सुविधा के नाम पर कुछ नहीं देता। उन्होंने कहा, अब व्यापार करने में डर लगने लगा है, कई व्यापारी भूना छोडऩे की योजना बना रहे हैं। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा घोषित मुआवजा राशि में भी भारी गड़बड़ी होती है। जिनका नुकसान नहीं हुआ, उन्हें लाभ मिल जाता है, और जिनका व्यापार पूरी तरह डूब गया, वे सिर्फ कागजों में ही राहत पाते हैं। सतीश कुमार ने कहा, मुख्य बाजार की हालत हर बार एक जैसी होती है।है।*

### प्रशासन की नाकामी पर उठे सवाल

*व्यापारियों का कहना है कि 2022 की जल त्रासदी के बाद सरकार ने कोई स्थाई कदम नहीं उठाया। अगर शहर में जल निकासी की सही व्यवस्था होती, तो करोड़ों का नुकसान टल सकता था। चक्षु फूड प्रा. लि. के संचालकों ने कहा, हमने अपनी मेहनत और गुणवत्ता से जो ब्रांड बनाया था, वह एक झटके में तबाह हो गया। व्यापारियों का कहना है कि अब सिर्फ आश्वासन नहीं, ठोस कार्रवाई चाहिए। वरना भूना जैसे कस्बों से व्यापारी वर्ग का पलायन तय है। उनका कहना है कि अगर सरकार अब भी नहीं जागी, तो भविष्य में भूना का बाजार सिर्फ सुनसान दुकानों की गवाही देगा।*

## खबर संक्षेप

### हेरोइन सहित युवक काबू पहले भी चार केस दर्ज

**फतेहाबाद।** नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एंटी नारकोटिक सेल फतेहाबाद पुलिस टीम ने एक युवक को 10.53 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। आरोपी की पहचान प्रवीण उर्फ सोनी पुत्र रोशन लाल निवासी आदर्श कॉलोनी, भट्टू कलां के रूप में हुई है। आरोपी की नियमित कानूनी प्रक्रिया के तहत तलाशी ली गई, जिसमें उसकी जेब से 10.53 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी प्रवीण उर्फ सोनी के विरुद्ध पूर्व में थाना शहर फतेहाबाद, राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के थाना फेफाना, सिविल लाइन थानाा सिरसा व आदमपुर थाना में भी केस दर्ज है।

### जनसमस्याओं पर ध्यान दें प्रशासनः केडिया

**सिरसा।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट नवीन केडिया ने जिला प्रशासन के अधिकारियों से जनसमस्याओं पर तुरंत ध्यान देकर उन्हें हल करवाने का आग्रह किया है। साथ ही आमजन को बरसात के बाद हो रही दैनंदिन समस्याओं को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। नवीन केडिया ने जारी बयान में कहा कि भारी बरसात के बाद सिरसा शहर के विभिन्न इलाकों में अभी तक पानी जमा है और शहर का सीवरेज सिस्टम ध्वस्त हो गया है। सीवरेज का पानी घरों में घुस रहा है और पेयजल में मिश्रित होकर आ रहा है जिससे बीमारियां फैलने का खतरा पैदा हो गया है।

### कथा से पूर्व श्रद्धालुओं ने निकाली कलश यात्रा

**सिरसा।** श्राद्ध पक्ष में पितरों की सद्गति व विश्व कल्याण के लिए श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन श्री बंसीवट कथा समिति द्वारा किया जा रहा है। कथा से पूर्व श्री बंसीवट मंदिर के प्रांगण से शहर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में 51 महिलाएं अपने सिर पर मंगल कलश धारण किए चल रही थीं। उनके पीछे श्रद्धालु महिलाएं व पुरुष हाथ में धर्म पताका लिए चल रहे थे। सभी श्रद्धालु सुंदर भजनों का उच्चारण कर रहे थे। बैंड बाजों और ढोल नगाड़ों, धार्मिक धुनों ने माहौल को भक्तिनुमा बना दिया।

### भूमिशा शर्मा ने फिर चमकाया सिरसा का नाम

**सिरसा।** चरखी दादरी में 8 से 10 सितंबर तक आयोजित हरियाणा स्कूल स्टेट बॉक्सिंग टूर्नामेंट में सिरसा से सुखप्रीत, जन्नत, भूमिशा, समायरा और वंशिका ने भाग लिया। प्रतियोगिता में वंशिका और समायरा ने अंडर-17 में कांस्य पदक और भूमिशा शर्मा ने अंडर-19 में स्वर्ण पदक जीता। गोल्ड जीतने के साथ ही भूमिशा शर्मा का एसजीएफआई नेशनल चैंपियनशिप 2025-26 के लिए चयन हो गया है।

### जीवन में संगति की अहम भूमिकाः संत संदीप

**सिरसा।** बिश्नोई सभा के 51वें स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में श्री गुरु जंभेश्वर मंदिर में चल रही साप्ताहिक जांभाणी हरिकथा ज्ञानयज्ञ के चतुर्थ दिन कथावाचक संत संदीप ने बताया कि हम परमात्मा का जप करते हैं, हमारी आस्था व विश्वास भी होता है, परंतु यदि हमारी संगति बुरे लोगों के साथ हो जाए फल भी गलत होगा।

## सीवरेज का पानी घरों में, लोग सड़कों पर उतरे

# गुस्साए लोगों की एसडीओ के साथ बहसबाजी, पुलिस को दी शिकायत

**लोगों का आरोप, फोन करने पर विभाग के अधिकारी नहीं देते जवाब**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा शहर में पिछले दिनों हुई तेज बरसात का पानी शहरवासियों के लिए बड़ी आफत बन गया है। इस पर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं नगरपरिषद सिरसा के बीच आपसी खींचतान के चलते शहर के कीर्तिनगर, चत्तरगढ़ पट्टी, प्रेम नगर क्षेत्र की विभिन्न गलियों में उफनते सीवर के चलते स्थानीय लोगों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। गुस्साए लोगों ने गुरुवार को कंगनपुर रोड पर जाम लगा दिया और विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। सीवरेज का गंदा पानी लोगों के घरों में घुस गया है। उधर, शहर के वार्ड नंबर 14-15 के लोग एकत्रित होकर चत्तरगढ़ पट्टी स्थित पब्लिक हेल्थ कार्यालय में समस्या को लेकर पहुंचे। इस दौरान कुछ लोगों की मौके पर मौजूद एसडीओ अजय ढाका से कहासुनी भी हो गई। गुस्साए लोगों ने कहा कि घरों में पेयजल के साथ गंदा पानी आ रहा है। यही नहीं बारिश के पानी की भी अभी तक निकासी नहीं हो पाई है और वे परेशान है। जेई को फोन किया जाता है तो वह कोई जवाब नहीं देता। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में जमकर बहस हुई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत किया। बताया जाता है कि इस संबंध में एसडीओ की ओर से पुलिस में भी शिकायत दी गई है। सीवरेज अव्यवस्था को लेकर बीते दिवस नगर परिषद के चेयरमैन पार्षदों को साथ लेकर डीसी से मिले थे। डीसी के हस्तक्षेप के बाद गुरुवार को पब्लिक हेल्थ विभाग के कार्यकारी अभियंता नगर परिषद कार्यालय पहुंचे। उन्होंने चेयरमैन व पार्षदों से सीवरेज को लेकर आ रही परेशानी व समस्याओं के संबंध में चर्चा की और शीघ्र ही इस पर काम करने का आश्वासन दिया। रोष जाहिर कर रहे लोगों ने गलियों में सीवरेज पानी के ठहराव हो गया है और गड्ढों में गिरकर लोग चोटिल रहे हैं। हरिविष्णु कॉलोनी के लोगों ने कंगनपुर रोड पर जाम लगा दिया और शासन प्रशासन की उदासीनता के प्रति नारेबाजी कर अपना आक्रोश प्रकट किया। जाम लगाने वाले क्षेत्रवासियों ने बताया कि उनके क्षेत्र में पिछले 15 दिनों से बरसाती पानी एवं सीवरेज का पानी ठहरा हुआ है और उसके कारण छोटे छोटे बच्चों को स्कूल आने जाने तथा क्षेत्र में बीमार पड़े वृद्ध व स्त्रियों को अनेक दिक्कतों से दोचार होना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों के मुताबिक बरसात के बाद निचले इलाकों में हुए जलभराव के कारण अब सीवरेज भी पूरी तरह से भर गए हैं जिससे परेशानी हो रही है।




सिरसा। सीवरेज समस्या के विरोध में धरना व सडक़ जाम करते लोग।

### घरों में सीवर का पानी बैक मार रहा

जाम लगाने वाले हरि विष्णु कॉलोनी के लोगों ने बताया कि पिछले दिनों हुई तेज बरसात के बाद पूरी कॉलोनी में सीवर का पानी भरा हुआ है। यहां तक कि घरों में सीवर का पानी बैक मार रहा है। इसके साथ ही पीने के पानी में सीवर का पानी मिक्स होकर आ रहा है। बच्चों का घर से बाहर निकलकर स्कूल जाना भी दूभर हो गया है। जाम के दौरान ही गलीवासियों ने जनप्रतिनिधियों को भी उनकी सुध न लेने पर खूब खरी खोटी सुनाई। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कई दिनों से जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग और नगर परिषद प्रशासन से यहां पानी निकासी की गुहार लगा रहे हैं, मगर दोनों विभागों के अधिकारी उदासीन हैं। ऐसे में उन्हें रोड जाम करने जैसे कदम उठाने पर मजबूर होना पड़ा। क्षेत्रवासियों ने बताया कि पिछले 15 दिनों से उनकी कॉलोनी का माहौल नारकीय बना हुआ है। बरसात का पानी जमा होने से कॉलोनी में मच्छर और मक्खी पैदा हो गए हैं जिससे बीमारियां फैल रही हैं। कॉलोनीवासियों ने आरोप लगाया कि कोई भी चुना हुआ जन प्रतिनिधि उनकी सुध लेने को तैयार नहीं है।



फतेहाबाद। रोडवेज कर्मचारी यूनियन के चुने गए पदाधिकारी।

### रोडवेज यूनियन ने टीएम को सौंपा मांग पत्र, हनुमान वर्मा बने डिपो प्रधान

**फतेहाबाद।** रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ की डिपो कमेटी की मीटिंग यूनियन कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष निशांत सिंह द्वारा की गई। बैठक में कर्मचारियों की डिपो स्तर की मांगों पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। इसके बाद इन मांगों को लेकर यूनियन का प्रतिनिधिमंडल रोडवेज ट्रेफिक मैनेजर से मिला और उन्हें मांग पत्र सौंपा गया। इसके अलावा बैठक में डिपो में संगठन की मजबूती के लिए पदाधिकारी में व कर्मचारी की भावना को अनुरूप फेरबदल करते हुए हनुमान वर्मा को डिपो का प्रधान बनाया गया। इसके अलावा राजकुमार सोनी को डिपो चेयरमैन, संदीप जांडली को सचिव, कृष्ण कुमार को उपप्रधान, जयवीर सिंह को ऑडिटर, सत्यवान नहला को संगठनकर्ता, रणजीत नूनिया दौलतपुरिया को कैशियर, सुनील जांगड़ा को वरिष्ठ उपप्रधान, नरेश गोरिया को सहसचिव, राजेश सरबास को सह कैशियर, रिसाल सिंह को प्रैस प्रवक्ता तथा नरेश सनियाना को मुख्य सलाहाकार चुना गया।

### टोहाना में करंट लगने से कर्मचारी की मौत मामले में आरोपी लाइनमैन गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** टोहाना के गांव जापता खेड़ा में बिजली लाइन पर कार्य करते समय करंट लगने से एक कर्मचारी की मौत होने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर टोहाना पुलिस ने आरोपी लाइनमैन को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान गुरप्रीत सिंह पुत्र करनैल सिंह निवासी अकांवाली के रूप में हुई है। थाना सदर टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक शादी राम ने बताया कि मृतक के परिजनों द्वारा दी गई शिकायत में बताया गया कि जोनी पुत्र चंद्रभान निवासी कुलां, जो बिजली बोर्ड टोहाना डिवीजन में सहायक लाइनमैन के पद पर कार्यरत था, 9 सितंबर को अपने साथी कर्मचारी गुरप्रीत सिंह, लाइनमैन के साथ गांव जापता खेड़ा में बिजली लाइन पर कार्य कर रहा था। शिकायत के अनुसार, गुरप्रीत सिंह ने जोनी को यह कहकर खंभे पर चढने को कहा कि विभाग से लाइन बंद करवाने का परमिट लिया जा चुका है, लेकिन, बिजली सप्लाई बंद न होने के कारण खंभे पर काम करते समय जोनी को करंट लग गया।

# डेरा श्रद्धालुओं ने स्वच्छता अभियान में किया सहयोग

**डेरा प्रमुख ने सिरसा से सफाई अभियान का किया शुभारंभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025 के तहत डेरा सच्चा सौदा की साध-संगत ने अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर वीरवार को गुरुग्राम में स्वच्छता अभियान में सहयोग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी ने गुरुग्राम के अलग अलग जोनों में पहुंचकर न केवल स्वयं झाड़ू लगाई बल्कि डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों का हौंसला भी बढ़ाया। डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह ने डेरा सच्चा सौदा सिरसा से ऑनलाइन गुरुकुल के माध्यम से स्वयं साध संगत के साथ मिलकर झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान में सहयोग किया। गुरुग्राम के चार जोन को अलग-अलग वार्डों में बांटकर सेवादारों ने सफाई कार्य को किया। सफाई अभियान के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने डेरा सच्चा सौदा के योगदान की सराहना भी की ।साथ ही मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि डेरा सच्चा सौदा के अनुयायियों की भारी संख्या में उपस्थिति सराहनीय है। मैं उन्हें बधाई और साधुवाद देता हूँ। उन्होंने गुरुग्राम के प्रत्येक निवासी से इस स्वच्छता अभियान में जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा हमें मिलकर गुरुग्राम को स्वच्छता रैंकिंग में सबसे ऊपर लाना है। गुरुग्राम को स्वच्छ बनाने के लिए सेवादारों द्वारा शहर को चार जोनों में बांटा गया।



सिरसा। गुरुग्राम में सफाई अभियान में जुटे डेरा श्रद्धालु।

### भ्रष्टाचार को लेकर आरोप-प्रत्यारोप

**फतेहाबाद।** भाजपा नेता एवं ठेकेदार भवानी सिंह द्वारा बिजली विभाग की शहरी सब-डिवीजन में एक कर्मचारी को रिश्वत लेते हुए पकड़वाया गया। इस संबंध में भाजपा नेता द्वारा कर्मचारी यूनियनों पर भ्रष्टाचारियों की मदद करने का भी आरोप लगाया। ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर यूनियन, फतेहाबाद सर्कल की कार्यकारिणी ने भाजपा नेता के इस ब्यान का कड़ा खंडन किया है। फतेहाबाद सर्कल कार्यकारिणी से भूप सिंह, सत्यावान, अमित कुमार, मलकीत सिंह, पवन कड़वा, रामनिवास शर्मा आदि ने आज संयुक्त ब्यान जारी कर कहा कि उनकी यूनियन ने हमेशा भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई है। हम स्पष्ट करना चाहते हैं कि वर्ष 1998 में जब बिजली बोर्ड को तोडक़र निगम बनाए गए थे, तभी से ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा मिला और इसी कारण निगमों में भ्रष्टाचार बढ़ा।

# पारता और पिरथला में ग्रामीणों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

**पुलिस के जवानों ने लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला पुलिस द्वारा नशा मुक्ति को लेकर चलाए जा रहे विशेष जागरूकता अभियान को लगातार गति दी जा रही है। इसी क्रम में थाना स्तर पर गठित नशा मुक्ति टीमों द्वारा विभिन्न गांवों में जाकर लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में उपनिरीक्षक सुंदर के नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम ने गांव पारता और पिरथला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। टीम ने दोनों गांवों की पंचायतों और ग्रामीणों के साथ नुक्कड़ सभाएं कीं, जिनमें नशे के सामाजिक, शारीरिक और आर्थिक प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी गई। ग्रामीणों को बताया गया कि नशा न केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार की शांति और समाज की प्रगति में भी बाधक बनता है।

इसके साथ ही गांव पारता स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्रों के लिए सेमिनार आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, शिक्षा, अनुशासन और सकारात्मक सोच को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी गई। पुलिस अधिकारियों ने छात्रों को संदेश दिया कि युवाओं को नशा-मुक्त समाज की नींव रखने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए, क्योंकि वही देश का भविष्य हैं।



फतेहाबाद। ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक करते एसआई सुंदर मुसाफिर।



### सीडीएलयू के पंजाबी विभाग ने मनाया भाषा एवं साहित्य उत्सव

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के पंजाबी विभाग की साहित्य सभा द्वारा वीरवार को भाषा एवं साहित्य उत्सव आयोजित किया गया जिसमें विभाग की अध्यक्ष प्रो. रणजीत कौर मुख्य अतिथि थीं। सहायक प्रो. गुरसाहिब सिंह ने कहा की पंजाबी साहित्य की जड़ें सिंधु घाटी सभ्यता और प्राचीन लोकसंस्कृति में पाई जाती हैं। इसकी आधारभूमि पंजाब की बोलचाल की भाषा रही, जो लोकगीतों, कहावतों, दोहों और लोककथाओं के रूप में विकसित हुई। 12वीं व 13वीं शताब्दी में शेख़ फरीद के सूफी पद्य को पंजाबी साहित्य का प्रारंभिक स्वरूप माना जाता है। उनकी रचनाओं ने साहित्य में कई अहम पड़ाव जोड़े।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005, 7988727916

## जिले में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा सेवा पखवाड़ा

# 25 को एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान गतिविधि का होगा आयोजन : सुरेश कुमार

**जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बैठक में दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

स्वच्छ भारत मिशन- ग्रामीण के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा और स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन अवसर पर प्रारंभ हो रहे इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से सेवा और स्वच्छता की भावना को सुदृढ़ करना है। इस अभियान का एक प्रमुख आकर्षण 25 सितंबर को आयोजित होने वाली एक दिन, एक घंटा, एक साथ नामक राष्ट्रव्यापी श्रमदान गतिविधि है, जो नागरिकों से स्वच्छता के लिए एक घंटे की स्वैच्छिक सेवा के लिए एकजुट होने का आह्वान करती है। कार्यक्रम को प्रभावी रुप से चलाने हेतू जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरेश कुमार ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों की बैठक का आयोजन कर जरुरी दिशा निर्देश जारी किए गए। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा और स्वच्छता ही सेवा का आयोजन सभी ग्राम पंचायतो में किया जा रहा हैं। प्रत्येक जिले से पांच ग्राम पंचायतों को स्वयं को स्वेच्छा से प्लास्टिक मुक्त घोषित करना। इस अभियान के दौरान जो जिले की तीन ग्राम पंचायत सबसे स्वच्छ एवं सुंदर होगी उन्हे जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान अवधि में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर भी लगाए जाएंगे, जिनमें सफाईकर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण और कल्याणकारी योजनाओं से जोडऩे का कार्य किया जाएगा। साथ ही क्लीन ग्रीन उत्सव के अंतर्गत शून्य अपशिष्ट उत्सव मनाए जाएंगे ताकि समाज में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा सके। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। प्रत्येक गतिविधि की फोटो और वीडियो जिला स्तर पर अपलोड कर राज्य मुख्यालय को भेजी जाएंगी।



फतेहाबाद। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरेश कुमार।

### ग्राम पंचायतों को करेंगे सम्मानित

जिले स्तर पर चयनित तीन ग्राम पंचायतों को जिला स्तर पर 22 सितंबर को व 26 सितंबर को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इसके अंतर्गत जिले के प्रत्येक ब्लॉक व पंचायत स्तर पर सफाई, प्लास्टिक मुक्त गांव, जल-स्रोतों की सफाई, सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता और जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 25 सितंबर को एक दिन, एक घंटा, एक साथ विशेष श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी नागरिकों, स्वयंसेवी संगठनों, पंचायत प्रतिनिधियों, स्कूली बच्चों और युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इस दिन जिलेभर में एक साथ सामूहिक स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को सफाई का संदेश दिया जाएगा। सीईओ सुरेश कुमार ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़े के दौरान जिले के 5 गांवों को प्लास्टिक मुक्त गांव घोषित करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही प्रत्येक ब्लॉक से चयनित गांवों में कचरा निपटान, कम्पोस्ट निर्माण व अन्य काम हो रहे है।